# सीसीटीवी की मदद से पकड़ी किलर हैरियर कार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 जनवरी.** मेला प्राधिकरण गेट के सामने हुए दर्दनाक सड़क हादसे की गुत्थी गोला का मंदिर थाना पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और स्मार्ट सिटी कैमरों की मदद से 10 दिन पहले हुई घटना के फरार आरोपी चालक को उसकी कार सहित गिरफ्तार कर लिया है।

बीती 5 जनवरी 2026 की रात करीब 12:30 बजे, मेला प्राधिकरण गेट के सामने एक अज्ञात वाहन ने राहगीर मुकेश कुशवाह को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुकेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने शुरुआत में मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी।

**सीसीटीवी से खुला राज-** घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी श्री धर्मवीर सिंह (ढ्ढक्क) ने आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एएसपी श्रीमती अनु बेनीवाल और सीएसपी मुरार श्री अतुल कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनुराग सिंह तोमर ने एक विशेष टीम बनाई। पुलिस टीम ने साक्ष्यों के लिए स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम (मोती महल) के कैमरे खंगाले। महाराजा गेट तिराहा और आकाशवाणी चौराहे के फुटेज चेक किए।

**डीडी नगर से आरोपी गिरफ्तार**

वीडियो फुटेज के आधार पर कार का नंबर ट्रैक किया गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कार के रजिस्ट्रेशन पते पर दबिश दी और आरोपी चालक अंकित सिंह पुत्र दिनेश सिंह तोमर (निवासी डीडी नगर, ग्वालियर) को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना गोला का मंदिर में बीएनएस की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत मामला दर्ज किया है। घटना में इस्तेमाल की गई काली टाटा हैरियर कार को भी जब्त कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# पिस्टल और जिंदा राउंड के साथ अनूप जाट गिरफ्तार, साथी फरार



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 जनवरी.** पिछोर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक बदमाश को दबोचा है, जिसके पास से एक पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। वहीं, उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।

पिछोर थाना प्रभारी शिवम राजावत की टीम ग्राम पतरियापुरा में फरार आरोपी कपिल यादव की तलाश कर रही थी। इसी दौरान सहोना रोड तिराहे के पास दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे।पुलिस ने पीछा किया तो एक आरोपी कपिल यादव सरसों के खेत का फायदा उठाकर भाग निकला, लेकिन पुलिस ने अनूप जाट (22) निवासी सरनागत बड़ेरा को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर अनूप की कमर से मैग्जीन युक्त पिस्टल और जेब से 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से हथियार की खरीद-फरोख्त और फरार आरोपी कपिल यादव के ठिकानों के संबंध में पूछताछ कर रही है।


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 01, ग्वालियर**

**ई-मेल : mpphcgwaliorno1@gmail.com**

**प्रेस विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग क्र. 01, ग्वालियर द्वारा निविदा क्रमांक 29/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक- 2026_MPPHC_476112_1, 2026_MPPHC_476143_1, 2026_MPPHC_476145_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 30.01.2026 तक** ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124005/2026 — **परियोजना यंत्री**


# बियरबार में तोड़फोड़ और फायरिंग करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 जनवरी.** बियरबार में मारपीट, तोड़फोड़ और दहशत फैलाने वाले फरार आरोपियों के खिलाफ गोला का मंदिर थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने घटना में शामिल तीन मुख्य आरोपियों को अवैध कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। घटना 11 जनवरी की है। ग्राम भगावली (भिण्ड) निवासी संतोष परिहार, जो वर्तमान में धुर्वा बियरबार में कार्यरत हैं, ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अनीश गुर्जर, सोनू शर्मा, अवधेश शर्मा और सचिन बाल्मीक बियरबार में आए थे। 'चखना' परोसने की बात को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने फरियादी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

इतना ही नहीं, आरोपियों ने बियरबार के मेन गेट के कांच तोड़ दिए। शराब की 8-10 बोतलें और काउंटर पर रखी स्वाइप मशीन को क्षतिग्रस्त किया।

आरोपी सोनू शर्मा ने कट्टे से हवाई फायर कर दहशत फैला दी और मौके से फरार हो गए।

गिरफ्तारी और बरामदगी

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर तीन आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अनीश सिंह (22) निवासी बलराम नगर (मूल निवासी गोहद, भिंड)। अवधेश शर्मा (29) निवासी भगत सिंह नगर (मूल निवासी बरसो, भिंड)। सोनू शर्मा (26) निवासी भिंड रोड (मूल निवासी गोहद, भिंड) के रूप में हुई है।

# सिहरन का शोर-फिल्म देखने सिनेमा में उमड़ा जनसैलाब

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 जनवरी.** शहर के कलाकारों के अभिनय से सजी फिल्म सिहरन का धमाकेदार आगाज़ डिलाइट सिनेमाघर में हुआ। फिल्म के लेखक और निर्देशक मनीष वर्मा मंगलवार को जब शहर आए तो स्टेशन से लेकर सिनेमाघर तक कलाकारों ने उनका भव्य स्वागत किया। फिल्म के प्रीमियर के अवसर पर ग्वालियर का डिलाइट सिनेमा हॉल न केवल दर्शकों की भीड़ से गुलजार रहा, बल्कि यहाँ कला और कलाकारों का अद्भुत संगम भी देखने को मिला।दर्शकों की गूँजती तालियों ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। शिवय फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म में बॉलीवुड के दिग्गज और उभरते सितारों का मेल है। फिल्म में अभिषेक शर्मा, आराधना सचान, मुस्ताक खान, जूनियर महमूद, केके गोस्वामी, नीरज सिंह राजपूत और सत्यम शुक्ला जैसे मंझे हुए कलाकारों ने अहम भूमिकाएँ निभाई हैं।

**डायरेक्टर मनीष वर्मा का कलाकारों ने किया स्वागत**



**स्थानीय कलाकारों का पावरपैक प्रदर्शन-** फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसके पात्र और उनका अभिनय बनकर उभरा है। राजू हरसाना ने न केवल 'सतपाल' के सशक्त किरदार में जान फूँकी है, बल्कि असिस्टेंट डायलॉग राइटर के तौर पर भी फिल्म की भाषा को धार दी है। मोनू पाराशर ने दावीर मिर्ज़ा के चुनौतीपूर्ण किरदार में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। रिंकू, विकास और अजय सोनी की तिकड़ी ने विलेन की भूमिका में फिल्म के रोमांच और थ्रिल को नई ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया है।

**पर्दे के पीछे की मेहनत**

फिल्म की तकनीकी टीम ने इसे एक विजुअल ट्रीट बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। दमदार निर्देशन।

राज यादव की बेहतरीन सिनेमैटोग्राफी। प्रोजेक्ट हेड और कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में आराधना सचान का सराहनीय योगदान रहा हैं।

**डर, हँसी और अंधविश्वास पर करारा प्रहार**

'सिहरन' एक हॉरर-कॉमेडी है जिसकी जड़ें चर्चित लोककथा 'चोटी कटवा चुड़ैल' से जुड़ी हैं। फिल्म की खासियत यह है कि यह केवल डराती और हँसाती नहीं है, बल्कि समाज में फैले पाखंड और अंधविश्वास के खिलाफ एक सशक्त संदेश भी देती है। ग्रामीण परिवेश और स्थानीय बोली ने कहानी को दर्शकों के दिल के करीब पहुँचा दिया है।


**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

**भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यालय परिचारक के पद हेतु भर्ती-पैनल वर्ष 2025**

भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंक के विभिन्न कार्यालयों में ''कार्यालय परिचारक'' के **572 पदों** के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

2. अन्य समस्त विवरणों, जैसे पात्रता मानदंड, रिक्तियों संबंधी आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुतिकरण और अन्य निर्देशों के लिए कृपया दिनांक **15 जनवरी 2026** को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन तथा एंप्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में दिनांक **24 जनवरी 2026 को/बाद के अंक** में प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन को देखें। उम्मीदवार उपर्युक्त पदों के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) से ही आवेदन कर सकते हैं।

**3. महत्वपूर्ण तिथियाँ* :**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क के भुगतान हेतु वेबसाइट लिंक खुलना | 15 जनवरी 2026 - 04 फरवरी 2026 |
| ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथि | 28 फरवरी और 01 मार्च 2026 |

*बैंक इन तिथियों में कोई भी परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**टिप्पणी:** उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर ही प्रकाशित किया जाएगा।


# वारदात की फिराक में बैठा बदमाश गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 जनवरी.** जे.सी. मील के खंडहर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की नीयत से बैठे एक शातिर बदमाश को घेराबंदी कर हजीरा पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी के पास से 12 बोर की अधिया और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

ग्वालियर एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर हजीरा थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर को मुखबिर से सूचना मिली कि जे.सी. मील के खंडहर स्थित शंकर मंदिर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति हथियार लेकर बैठा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम लक्ष्मण सिंह उर्फ जीतू चौहान (33) निवासी औरैया (उत्तर प्रदेश) बताया, जो वर्तमान में महाराजपुरा क्षेत्र में रह रहा था। तलाशी लेने पर उसके पास से पैंट के अंदर छिपाई हुई 12 बोर की अधिया, दो जिंदा राउंड और 250 रुपये नगद बरामद हुए।

आरोपी के खिलाफ हजीरा थाने में आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी शहर में किस वारदात को अंजाम देने वाला था और वह यह हथियार कहां से लाया था।

**तान्या होटल में कट्टा-कारतूस के साथ धराया बदमाश**

ग्वालियर। अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हजीरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तान्या होटल में दबिश देकर एक 25 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है.


**मांग नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के अंतर्गत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL HFL) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ता(ओं) से उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस(ओं) में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। उपरोक्त के संबंध में, उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर नीचे दर्शाई गई राशि का भुगतान डिमांड नोटिस की तिथि(ओं) से भुगतान की तिथि तक के अतिरिक्त ब्याज सहित करने के लिए सूचित किया जाता है। ऋणी(ओं) का विवरण, मांग नोटिस की तिथि तक देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के लिए दी गई सुरक्षा निम्नानुसार हैः-

| ऋणकर्ता/ गारंटर का नाम | मांग नोटिस दिनांक और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|
| श्री मनोज कुमार गुप्ता, श्रीमती शीतल गुप्ता, श्री राम एंटरप्राइजेज (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10177069) | 09 जनवरी 2026, रू. 1617516/- (सोलह लाख सत्रह हजार पांच सौ सोलह मात्र) | संपत्ति का वह भाग जो इस प्रकार हैः मकान संख्या 631, वार्ड संख्या 54, कम्पू थाना के पास, कम्पू कोठी के पीछे, मिस्त्री खाना लश्कर, लश्कर, चना कोठा के पास, ग्वालियर, मध्य प्रदेश, भारत, 474001। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्रफल, निर्मितक्षेत्रफल का सुपरक्षेत्रफल। संपत्ति का क्षेत्रफलः 527.00, 670.00 |

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त अनुसार IIFL HFL को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो IIFL HFL उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त गिरवी संपत्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कर सकता है, जिसका जोखिम, खर्च और परिणाम पूरी तरह से उधारकताओं को वहन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए, कृपया शाखा कार्यालय डी-1, भूतल, बसंत विहार, ग्वालियर - 474002/या कॉर्पोरेट कार्यालयः IIFL टावर, प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, चौथा चरण, गुड़गांव, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः ग्वालियर
दिनांकः 17.01.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए



**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा**

पता- आजाद भवन टाउन हॉल खंडवा. 450001 दूरभाष- 07332223523 ईमेल commkhanndwa@mpurban.gov.in

क्रमांकःक्र/रा.बा./ 989/2026 — खण्डवा दिनांक 13/01/2026

**द्वितीय ई-निविदा विज्ञप्ति**

निगम स्वामित्व की नीचे वर्णित संपत्तियों को मध्यप्रदेश अचल अंतरण नियम 2016 संशोधन 2021 -2023 के प्रपत्र के अंतर्गत 30 वर्ष की लीज पर उच्चतम प्रीमियत राशि एवं निर्धारित मासिक किराये के आधार पर दिये जाने हेतु अधिकतम समय की प्रस्थापना (निविदा ऑफर) ऑनलाइन टेडर कम ऑक्शन पद्धति से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा वेबसाईट www.mptendors.gov.in पर देखी जा सकती है।

**संपत्ति वितरण**

राजमाता सिधिया शॉपिंग काम्पलेक्स भूतल की छत किराये पर दिये जाने हेतु

| क्र. | ई-निविदा क्रमांक | भवन | अनारक्षण | भवन का क्षेत्रफल | आरक्षित (आफसेट) मूल्य | प्रतिभूति राशि (अमानत राशि) | ईटेण्डर प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_ 475475_1 | राजमाता सिधिया शॉपिंग कॉम्पलेक्स भूतल की छत को आवंटन हेतु | अनारक्षित | 506.31 वर्ग मीटर | 1,75,00,000/- | 4.35,500/- | 5.000/- |

निविदा ऑनलाईंन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27/01/2026 - (शाम 05.30 बजे तक)

निविदा खोलने की दिनाक 29/01/2026 - (प्रातः 10:30 बजे)

1 विस्तृत शर्ते जिसमे अनुबंध की व्यापक शर्ते भी शामिल है, का अवलोकन कार्यालयीन समय मे नगर पालिक निगम की राजस्व शाखा में किया जा सकता है।
2 न्यूनतम आरक्षित मूल्य से कम राशि की निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदा ऑफर स्वीकृति / अस्वीकृति का अधिकार आयुक्त न.पा.नि. खण्डवा के पास सुरक्षित रहेगा।
3 निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन www.mptendors.gov.in पर ही प्रदर्शित किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त (राजस्व)
नगर पालिक निगम खण्डवा


# पंच परिवर्तन का संदेश देने कल 50 स्थानों पर होंगे हिंदू सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 16 जनवरी.** पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता, स्व बोध, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्य का संदेश देने 18 जनवरी को 50 स्थानों पर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में बिरला नगर में प्रसाद बस्ती का हिंदू सम्मेलन रविवार को दोपहर 12:30 बजे नगर निगम पार्क में, कांच मिल बस्ती का दोपहर 2 बजे संत ऋषभदेवानंद महाराज के मुख्यातिथ्य में हनुमान जी की बगिया में, गोसपुरा बस्ती का दोपहर 2 बजे पुरानी सब्जी मंडी के पास, सुरेश बस्ती का दोपहर 12 बजे संत कालिदास महाराज के मुख्यातिथ्य में शंकर पार्क में, पटेल नगर बस्ती का दोपहर 2 बजे शिवशेषानन्द महाराज के मुख्यातिथ्य में सिटी सेंटर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पास, दर्पण नगर बस्ती का दोपहर 12 बजे महामंडलेश्वर आनंदेश्वर महाराज के मुख्यातिथ्य में 8 दुकान के पास माता मंदिर पार्क में, इंद्रा नगर बस्ती का दोपहर 3 बजे ए-ब्लॉक में, गोविंदपुरी बस्ती का दोपहर 1 बजे राम वाटिका में, रामाजी पुरा बस्ती का दोपहर 12 बजे एबी रोड गणेश बाग मंदिर के सामने प्रेमबंधन वाटिका में, दीनदयाल नगर में गोवर्धन बस्ती का दोपहर 12 बजे पुरुषोत्तम विहार पार्क में, शिव बस्ती का दोपहर 2 बजे रेवाल्ली हिल्स गार्डन, मुरार में आजाद बस्ती का प्रातः 11:30 बजे आजाद नगर पार्क में, घासमंडी बस्ती का दोपहर 12 बजे मदन मोहन मंदिर में, सुखदेव बस्ती का दोपहर 12 बजे नवयुग हायर सेकेण्डरी स्कूल में, एमएच बस्ती क दोपहर 12 बजे बीजासेन गार्डन में, ग्रामीण क्षेत्र में बेहट बस्ती का दोपहर 12 बजे बेहट मंडी में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

**सम्मेलन के लिए किया भूमि पूजन**

बिरला नगर स्थित तानसेन बस्ती का हिंदू सम्मेलन 25 जनवरी को सुबह 11 बजे सहयोग गार्डन में आयोजित किया जाएगा। जिसका भूमि पूजन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर चन्द्रभान सचान, अशोक शर्मा, संतोष सिकरवार, धर्मेंद्र सिंह तोमर, दिनेश सिकरवार, कमल सक्सेना, कुलदीप राजावत, संतोष त्यागी, विक्रांत सिकरवार, शैलेंद्र सिकरवार, राजकुमार राजावत आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग खण्डवा संभाग खण्डवा**
**सिविल लाईन्स, हरसूद नाके के पास खण्डवा (म.प्र.)**

web site: www.mp.gov.in/pwdmp E-mail: eepwdkhandwa@mp.nic.in Phone No. 0733-2222292

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 14/व.ले.लि./ 2025-2026 / खण्डवा / दिनांक 08.01.2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सक्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि एवं आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ PWD RB_ 474077 | लोक निर्माण विभाग खण्डवा संभाग अंतर्गत STMC पद्धति से विभिन्न 19 मार्गों का सुधार कार्य कुल लंबाई 134.60 कि.मी. | रु 303.76 लाख | 307760/- | 15000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण | 1) 12 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम। |
| 2025_ PWD RB_ 474078 | जिला अधिवक्ता संघ खण्डवा के महिला अधिवक्ताओं के बैठक व्यवस्था हेतु महिला कक्ष निर्माण कार्य | रु 7.24 लाख | 14480/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण | 1) 03 माह वर्षाकाल सहित 2) प्रथम। |

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. ऑनलाईन बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यकहै। 1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अरर्नेस्टमनी जमा करने का प्रमाण, 3. चेकलिस्ट (एनेक्जर-एच) 4. एफिडेविट विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 13.01.2026 सुबह 10:00 से दिनांक 22.01.2026 सांय 18:00 बजे तक निर्धारित है।
4. इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (RTGS & NEFT) द्वारा ही स्वीकार की जावेगी।
5. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एव अन्य जानकारी उक्त वेबाईट पर देखी जा सकती है।
6. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नही किया जाकर सिर्फ वेबसाईट पर ही किया जावेगा, ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
खण्डवा संभाग खण्डवा

G-24403/25



**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग, भोपाल**

ईमेल-ce.tender.wrdmp@gmail.com
फोन - 0755-2767635 फेक्स-0755-2552406

**निविदा सूचना क्रमांक-1196/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग / भोपाल, दिनांक 07.01.2026**

निम्न कार्य हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.01.2026 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ WRD_ 473595 | टर्न की पद्धति पर :- कालीकुण्डी तालाब के मिट्टी के बांध का समस्त अव्यवों सहित निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | खरगोन | 1318.94 |
| 2. | 2026_ WRD_ 473597 | टर्न की पद्धति पर :- दामखेड़ा तालाब के मिट्टी के बांध का समस्त अव्यवों सहित निर्माण एवं 1.02 कि.मी. टार रोड का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | खरगोन | 2224.58 |

G-24365/25 — मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)


**प्रथम पृष्ठ का शेष**

## सीएम ने बहनों के खाते में डाली 1836 करोड़ की राशि

भगवान के जन्म का प्रमाण भी मिला और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जब मंदिर बना तो आज तक वो राम मंदिर में दर्शन करने तक नहीं पहुंचे। उन्हें माफी मांगना चाहिए।

कर्नाटक में मौत हुई तो चुप रहे, एमपी में हाय रे-हाय रे कर रही है। लाशों पर राजनीति करने वाले कांग्रेस कान खोलकर सुन लो जनता तुम्हारे बहकावे और नाटक में आने वाली नहीं है।

सीएम का नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया।

लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए ट्रांसफर किये. मुख्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। इसके अलावा एलपीजी गैस कनेक्शनधारी, गैर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और विशेष पिछड़ी जनजातीय बहनों (करीब 29 लाख हितग्राही) को सितंबर और अक्टूबर 2025 की गैस रिफिल सब्सिडी के 90 करोड़ रुपए भी ट्रांसफर की। इसमें जिले की 51,000 हितग्राही शामिल हैं.


**कार्यालय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला चिकित्सालय दतिया (म.प्र)**

Email: csurgeondatmp@nic.in

क्र./ई-टेण्डर/2025-26/6473 — दतिया, दिनांक 09/01/26

**संशोधित संक्षिप्त विज्ञप्ति**
**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण**

जिला चिकित्सालय दतिया में अर्थो इम्पलांट हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी जिसका प्रकाशन समाचार - पत्रों में किया जा चुका है परंतु अपरिहार्य कारण से निविदा को ई-टेण्डरिंग आधारित ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर पब्लिस नहीं किया जा सका है।

अत: समस्त इच्छुक निविदाकर्ता फर्म/संस्था को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार संशोधित समयावधि में आमंत्रित निविदा का ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर अवलोकन कर संशोधित समय अनुसार निविदा को ऑनलाईन कय एवं प्रस्तुत कर सकेगें।

निविदा प्रक्रिया हेतु कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा का विवरण | प्रकाशित एन.आई.टी. क्रमांक | प्रकाशित ऑनलाईन निविदा क्रमांक | समाचार-पत्र में प्रकाशित 'जी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अर्थो इम्पलांट | 6245 | 2025_DHS_470415 | G-23571/25 |

**निविदा के समय में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-**

| Sr.No | Description of Tender | As Provided Date & Time | As Amended Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Publish Date | 30/12/2025 At 10:30 AM Hrs | 15/01/2026 At 10:30 AM Hrs |
| 2. | Document Download/sale Start Date | 31/12/2025 At 10:30 AM Hrs | 16/01/2026 At 10:30 AM Hrs |
| 3. | Pre-bid Meeting Date | 03/01/2026 At 17:30 AM Hrs | 17/01/2026 At 12:00 AM Hrs |
| 4. | Bid submission start Date | 05/01/2026 At 10:30 AM Hrs | 19/01/2026 At 10:30 AM Hrs |
| 5. | Bid submission End Date | 19/01/2026 At 17:30 PM Hrs | 03/01/2026 At 10:30 AM Hrs |
| 6. | Technical Bid opening date | 21/01/2026 At 12:00 PM Hrs | 05/02/2026 At 12:00 AM Hrs |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यक होने पर E-Tendering Website www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा जिसका अवलोकन निविदाकर्ता द्वारा किया जावेगा इसकी पृथक से लिखित व अन्य माध्यम से सूचना नहीं दी जावेगी।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय दतिया (म.प्र.)

G-24391/25



**मांग नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) को पढ़ें। उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ उक्त नियमों के नियम 3 को पढ़ें के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ता(ओं) से उनको जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए कहा गया है। उपरोक्त के संबंध में, उधारकर्ता(ओं) को एक बार फिर से नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर नीचे इंगित राशियों का भुगतान करें उधारकर्ता(ओं) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि तक देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के लिए दी जाने वाली सुरक्षा निम्नानुसार हैः-

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम | मांग नोटिस दिनांक और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|
| श्री मातादीन श्रीमति. राजकुमारी बाल्मीक (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10426347) | 05 जनवरी 2026, रू. 241375/- (दो लाख इकतालीस हजार तीन सौ पिचहत्तर मात्र) | पटवारी हल्का क्रमांक 67, खसरा क्रमांक 327, क्षेत्रफल 914 वर्ग फुट, ग्राम राजियावर, डबरा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश 475110 में स्थित संपत्ति का पूरा भागः संपत्ति का प्रकारः क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफलः 914 |
| श्री ज्योति शाक्य श्रीमती जीतेन्द्र, विद्याराम शाक्य ज्योति सिलाई केंद्र (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10492952) | 05 जनवरी 2026, रू. 1002014/- (दस लाख दो हजार चौदह मात्र) | नगरपालिका क्रमांक 807, सती विहार कॉलोनी, सर्वेक्षण क्रमांक 61 और 63, ग्राम-जगनापुरा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474003 में स्थित संपत्ति का पूरा भागः क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः क्षेत्रफलः 560 वर्ग फुट |
| श्री सूर्यभान सिंह श्रीमती गुड्डी बाई बालाजी दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10476340) | 05-जनवरी-2026, रू. 1262240/- (बारह लाख बासठ हजार दो सौ चालीस मात्र) | संपत्ति का वह पूरा भागः सर्वेक्षण संख्या 553, 552, 551 और 535, पी.एच.एन. 92, वार्ड संख्या 26, ग्राम-मुरार, शीतलापुरा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474003 से उत्पन्न भूमि का भूखंड क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफलः 750 |
| श्री अनिल यादव राज कुमारी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10302941) | 06 जनवरी 2026, रू. 517096/- (पांच लाख सत्रह हजार छयानवे मात्र) | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जो इस प्रकार हैः फ्लैट संख्या ए-51, सर्वे संख्या 422,423,424/2,425,427, मानपुर गिरिद जगना, ए51/506, मंजिल संख्या 5, एहर 1, एहर, सर्वे संख्या 422,423,424/2,425,427, मानपुर गिरिद जगना, पुरा, तहसील एवं जिला ग्वालियर, 474003, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः विक्रय योग्य क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफलः 540.00, 372.00 |
| श्री जसमन्त यादव श्रीमती कमलेश साई बी चिमनी साई ईआईटी उद्योग (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10207827, IL10551066 ) | 06/01/2026, IL10207827, रू.1675210/- है (सोलह लाख पचहत्तर हजार दो सौ दस मात्र) और IL10551066, रू. 331685/- है (तीन लाख इकतीस हजार छह सौ पिच्यासी मात्र) | यह संपत्ति का पूरा हिस्साः सर्वे संख्या 495/1ल्ल, 495/2 का भाग नगरपालिका मकान संख्या 436, वार्ड संख्या 5, शिव शक्ति नगर, मोतीझील, ग्राम अकबरपुर मुजफ्ता , ग्वालियर, 474003। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः क्षेत्रफलः 1800 वर्ग फुट |

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त अनुसार IIFL HFL को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो IIFL HFL उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपर्युक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है, जिसका जोखिम, लागत और परिणाम पूरी तरह से उधारकताओं को वहन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए, कृपया अधिकृत अधिकारी से संपर्क करेंः शाखा कार्यालय डी-1, भूतल, बसंत विहार, ग्वालियर - 474002; कॉर्पोरेट कार्यालयः IIFL टावर, प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, चौथा चरण, गुड़गांव, हरियाणा।

स्थानः ग्वालियर
दिनांकः 17.01.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए